बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप नदेशालय)

संचिका सं0 – 03 / भू0अ0नि0(3)विविध–08 / 2022.219) **पटना, दिनांक** :– 26/8/2022

आदेश

दिनांक 05.05.2022 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा के सभा कक्ष में शिविरवार किए जा रहे सर्वे कार्यो की ग्रामवार समीक्षा की गयी थी। समीक्षोपरांत कार्य में शिथिलता बरतने एवं अभिरूचि नहीं लेने के संबंध में श्री विशाल कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03130) को निदेशालय पत्रांक 1093 दिनांक 11.05.2022 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया था।

उक्त निर्गत पत्र में आवंटित राजस्व ग्राम टंकण भूल के कारण गलत अंकित हो जाने के कारण निदेशालय पत्रांक 1131 दिनांक 12.05.2022 द्वारा निर्गत स्पष्टीकरण रद्द किया गया। पुनः संचिका में रक्षित अभिलेखों की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत यह पाया गया कि बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के अनुसार श्री कुमार को आवंटित राजस्व ग्राम – बिण्डी डीह–439 में दिनांक 28.06.2021 को किस्तवार कार्य प्रारंभ किया गया, जो लगभग 07 महीनों में समाप्त किया गया है। साथ ही खानापुरी कार्य दिनांक 14.02.2022 को प्रारंभ किया गया, जो 03 महीनों के बाद भी समाप्त नहीं किया जा सका है। कार्य में शिथिलता बरतने एवं अभिरूचि नहीं लेने के संबंध में श्री कुमार को निदेशालय पत्रांक 1684 दिनांक 20.07.2022 द्वारा पुनः स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया। श्री कुमार द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया।

श्री कुमार द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण एवं इसपर संबंधित जिला के नोडल पदाधिकारी द्वारा दिए गए मंतव्य के समीक्षोपरांत चूंकि श्री कुमार द्वारा उक्त राजस्व ग्राम के किस्तवार कार्य में मानक से काफी अधिक समय लिया गया है, किन्तु नोडल पदाधिकारी द्वारा श्री कुमार को एक अवसर देने का मंतव्य दिया गया।

इस परिपेक्ष्य में श्री कुमार के मानदेय से 02 माह के मानदेय की कटोती करते हुए इस शर्त्त के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है कि भविष्य में यदि विशेष सर्वेक्षण कार्यो का ससमय निष्पादन नहीं किया जाता है, तो इनका संविदा अनुबंद्ध रद्द कर दिया जाएगा।

(जय सिंह) 26/8
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(3)विविध–08 / 2022.219) **पटना, दिनांक** :– 26/8/2022

प्रतिलिपि :– श्री विशाल कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03130) बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(3)विविध–08 / 2022.219) **पटना, दिनांक** :– 26/8/2022

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 26/8
भू–अभिलेख एवं परिमाप

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(3)विविध–08 / 2022............ पटना, दिनांक :–

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप